**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 137**

**दिनांक 02.02.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**बहुपक्षीय समूह**

**137. श्री रवि किशनः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) 2014 से भारत किन नए बहुपक्षीय समूहों में शामिल हुआ है; और

(ख) 2014 से भारत द्वारा इसके अंतर्गत शुरू की गई पहलें क्या हैं और इसके क्या लाभ हुए हैं?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**[श्री वी. मुरलीधरन]**

(क) उन प्रमुख बहुपक्षीय समूहों का विवरण अनुबंध–I पर दिया गया है जिनमें भारत 2014 के बाद से शामिल हुआ है।

(ख) भारत ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर भारत की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए इन बहुपक्षीय समूहों में लगातार नई पहलें की हैं। भारत अपने राष्ट्रीय हित को पूरा करता है और हमारे समाज की मांगों और आकांक्षाओं के आधार पर जन–केंद्रित विदेश नीति लागू करता है। इस तरह की पहल का उपयोग न केवल भारत के बारे में बताने के लिए किया गया है, बल्कि सभी के लिए शांति, सुरक्षा और समृद्धि की आवाज के रूप में भी किया गया है। इन पहलों के माध्यम से बनी समझ ने साझेदार देशों के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने तथा भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने और वैश्विक मुद्दों जैसे बहतर बहुपक्षवाद, शांति एवं सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, अंतरराष्ट्रीय अपराध, आतंकवाद, साइबर–सुरक्षा, ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा आदि पर एजेंडे को आकार देने में सहायता की है। इन पहलों ने दुनिया में वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिए साझेदार देशों को भारत के अपने अनूठे समाधान जैसे अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना हेतु गठबंधन भी प्रदान किए हैं। इसके माध्यम से हुई सहमति/करार ने भारत को व्यापार एवं निवेश, प्रौद्योगिकी एवं रक्षा सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में साझेदार देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने में सक्षम बनाया है। इस तरह के परिणाम आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और हमारे लोगों के कल्याण के भारत के राष्ट्रीय विकास एजेंडे में भी योगदान देते हैं और जी20 जैसे मंचों पर विकासशील देशों के हितों को आगे बढ़ते हैं।

******

**अनुबंध–I**

| क्र. सं. | बहुपक्षीय समूह जिनमें भारत 2014 के बाद से शामिल हुआ | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | अंतरराष्ट्रीय सौर संगठन | नवंबर 2015 में आरंभ |
| 2. | मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था | भारत जून 2016 में शामिल हुआ |
| 3. | हेग आचार संहिता | भारत जून 2016 में शामिल हुआ |
| 4. | शंघाई सहयोग संगठन | भारत सदस्य राष्ट्र के रूप में 2017 में शामिल हुआ |
| 5. | अफगानिस्तान पर मॉस्को फॉरमैट | 2017 में स्थापित |
| 6. | वासेनार व्यवस्था | भारत दिसंबर 2017 में शामिल हुआ |
| 7. | ऑस्ट्रेलिया समूह | भारत जनवरी 2018 में शामिल हुआ |
| 8. | भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन | 2018 में पहला भारत–नॉर्डिक शिखर सम्मेलन |
| 9. | अफगानिस्तान पर क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता | 2018 में स्थापित |
| 10. | आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना हेतु गठबंधन | सितंबर 2019 में आरंभ |
| 11. | उद्योग परिवर्तन पर नेतृत्व समूह | सितंबर 2019 में आरंभ |
| 12. | अय्यावाडी – चाओ फ्राया–मेकांग आर्थिक सहयोग रणनीति | भारत 2019 में विकास भागीदार के रूप में शामिल हुआ |
| 13. | हिंद महासागर आयोग | भारत मार्च 2020 में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुआ |
| 14. | क्वाड | मार्च 2021 में पहला वर्चुअल लीडर्स समिट |
| 15. | भारत–फ्रांस–ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय सहयोग | पहली भारत–फ्रांस–ऑस्ट्रेलिया त्रिपक्षीय मंत्रिस्तरीय वार्ता 4 मई 2021 को आयोजित की गई। |
| 16. | आई 2 यू2 | आई 2 यू2 ग्रुपिंग की संकल्पना 18 अक्टूबर 2021 को आयोजित चार देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान की गई थी। |
| 17. | प्रथम मूवर्स गठबंधन | भारत मई 2022 में शामिल हुआ |
| 18. | भारत–प्रशांत आर्थिक ढांचा | मई 2022 में आरंभ |
| 19. | इंडोनेशिया मलेशिया थाईलैंड विकास हेतु त्रिपक्षीय व्यवस्था | भारत जुलाई 2022 में विकास भागीदार के रूप में शामिल हुआ |
| 20. | भारत–ऑस्ट्रेलिया–इंडोनेशिया त्रिपक्षीय सहयोग | भारत–ऑस्ट्रेलिया–इंडोनेशिया त्रिपक्षीय विदेश मंत्रियों की पहली बैठक सितंबर 2022 में हुई। |
| 21. | मिशन लाइफ | अक्तूबर 2022 में आरंभ |
| 22. | जलवायु के लिए मैंग्रोव गठबंधन | भारत 2022 में शामिल हुआ |
| 23. | अंतरराष्ट्रीय श्रीअन्न वर्ष 2023 | भारत सरकार की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय श्रीअन्न वर्ष घोषित किया। |
| 24. | वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन | पहला वीओजीएसएस 12–13 जनवरी, 2023 को आयोजित किया गया था। |

| | | |
|---|---|---|
| 25. | अफगानिस्तान पर भारत–मध्य एशिया जेडबल्यूजी | मार्च 2023 में स्थापित |
| 26. | इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस | भारत द्वारा अप्रैल 2023 में लॉन्च किया गया |
| 27. | खनिज सुरक्षा साझेदारी | भारत जून 2023 में शामिल हुआ |
| 28. | आर्टेमिस समझौते | भारत जून 2023 में शामिल हुआ |
| 29. | खनिज सुरक्षा साझेदारी | भारत जून 2023 में शामिल हुआ |
| 30. | वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन भारत | सितंबर 2023 में आरंभ |
| 31. | भारत–मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक गलियारा | सितंबर 2023 में घोषित |
| 32. | आर्टफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक साझेदारी | भारत संस्थापक सदस्य है और उसने दिसंबर 2023 में जीपीएआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। |
| 33. | जलवायु के लिए कृषि नवाचार मिशन | भारत दिसंबर 2023 में शामिल हुआ |
| 34. | ग्लोबल ग्रीन क्रेडिट पहल | दिसंबर 2023 में आरंभ |
| 35. | वैश्विक नदी शहर गठबंधन | दिसंबर 2023 में आरंभ |
| 36. | संयुक्त समुद्री बल | भारत पूर्ण सदस्य के रूप में 2023 में शामिल हुआ |

*****